'5'
pib.nic.in

प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
*****

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को रेप्को बैंक के प्रतिनिधियों ने लाभांश चेक सौंपा

नई दिल्ली: 25 जुलाई, 2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से रेप्को बैंक अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक ने आज यहाँ मुलाकात कर उन्हें वित्त वर्ष 2018-19 के लिये 15.26 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा।

वर्ष 1969 में स्थापित रेप्को बैंक एक बहु राज्य सहकारी समिति है तथा इसे बर्मा और श्रीलंका से प्रत्यावर्तन के पुनर्वास के लिये स्थापित किया गया। रेप्को बैंक का प्रशासनिक नियंत्रण गृह मंत्रालय के पास है।

31.03.2019 के डेटा के अनुसार भारत सरकार के पास रेप्को बैंक की 49.15% शेयर पूंजी थी, चार दक्षिणी राज्य सरकारों के पास 6.24% और शेष 45% शेयर पूंजी व्यक्तिगत शेयर धारकों के पास थी।

वित्त वर्ष 2018-19 के लिए बैंक का कुल व्यापार 15,230 करोड़ रु का रहा। बैंक ने 107 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया और अपने हितधारकों के लिए 20% का लाभांश घोषित किया। रेप्को बैंक के अध्यक्ष डॉ पी सेंथिलकुमार और एमडी श्रीमती आर एस इसाबेला ने 2018-19 का लाभांश चेक केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को सौंपा। इस मौके पर श्री कृष्ण बहादुर, संयुक्त सचिव (एफएफआर प्रभाग) गृह मंत्रालय भी उपस्थिति थे।

******

डॉ वीजी/डॉ डीडी/वीएम/एचएस/एसएस